वस्तुनिष्ठ प्रश्न

(1) मानवीकरण का अर्थ है–

(क) जो मानव नहीं, उसे मानव के रूप में कल्पित करना

(ख) दूसरों के सुख–दुख को अपना सुख–दुख मानना

(ग) पेड़, पहाड़, नदी आदि के प्रति चिंता प्रकट करना

(घ) सच्चा मनुष्य बनने की क्रिया

(2) पर्यावरण का अर्थ है–

(क) मनुष्य के लिए अनिवार्य आसपास की प्राकृतिक स्थिति ।

(ख) प्राकृतिक **आपदाएँ** जैसे–भूखण्ड, बाढ़, सूखा **आदि**।

(ग) वृक्षों, नदियों**,** पहाड़ों को मनुष्य के रूप में चित्रित करना।

(घ) प्रकृति को सूक्ष्मता के साथ देखने की क्षमता।

(3) कविता में पेड़ों के हजारों हजार हाथों के हिलने से अभिप्राय है–

(क) खुशी से झूम उठना

(ख) तूफान से **काँपना**

(ग) रक्षा की गुहार लगाना

(घ) हवा से थिरकना

(4) **हृदय** विदारक का अर्थ देने वाला मुहावरा कौन सा है–

(क) सीने पर पहाड़ रखा होना

(ख) छाती पर **साँप** लोटना

(ग) दिल दहलना

(घ) कलेजे पर पत्थर रखना

(5) 'बूढ़ी पृथ्वी का दुख' कविता में कौन सी विशेषता नहीं मिलती **हैं** ?

(क) मानवीकरण

(ख) प्रश्न शैली

(ग) दृश्यात्मकता

(घ) ओजस्विता

(6) मानवीकरण नहीं है –

(क) पेड़ों की चीत्कार

(ख) नदियों का रोना

(ग) मौन समाधि लिए बैठा पहाड़

(घ) पेड़ की हिलती टहनि**याँ**

(7) सही, गलत बताइये।

(1) नदियाँ मुँह ढांपकर **नदियाँ मुँह ढाँपकर** रोती हैं का अर्थ है–उनकी पीड़ा को कोई समझ नहीं रहा।

(2) नदियाँ मुंह ढांपकर रोती है में मानवीकरण है।

(3) प्राकृतिक संसाधनों का मनमाना उपयोग हमारा अधिकार है।

(4) सोचा है कभी कि उस घाट.... प्रश्न के द्वारा **कवयित्री** घाट की सराहना करना चाहती है।

(5) हमें जल का उपयोग करते हुए भावी पीढ़ी का ध्यान रखना चाहिए।

(6) **कवयित्री** ने विकास के लिए पहाड़ों को विस्फोट से उड़ाना मनुष्य की मजबूरी बताया है।

(7) पहाड़ पृथ्वी की रक्षा के लिए आवश्यक है, इसलिए इन्हें भूधर भी कहते हैं।

(8) व्यक्तिगत स्वार्थ प्राकृतिक संसाधनों का सबसे बड़ा दुश्मन है।

प्रश्न

प्रश्न 1 पर्यावरण का अर्थ लिखिए। हमें पर्यावरण की रक्षा करने का दायित्व क्यों निभाना चाहिए?

प्रश्न 2 प्राकृतिक संसाधनों के अत्याधिक उपयोग से होने वाली हानियों का उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 3 पानी के प्रदूषण के प्रमुख कारणों का उल्लेख कीजिए उन कारणों के निदान के बारे में टिप्पणी कीजिए।

प्रश्न 4 संवेदनशीलता का विस्तार करने में कवियों की क्या भूमिका है–बूढ़ी पथ्वी का दुख कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। आप किस माध्यम से यह कार्य कर सकते हैं–यह भी लिखिए।

प्रश्न 5 बूढ़ी पृथ्वी का दुख कविता में मानवीकरण किस प्रकार किया गया है—उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 6 मनुष्य के प्रकृति विरोधी व्यवहार को मानव विरोधी व्यवहार क्यों कहा जाता है, उल्लेख कीजिए।

प्रश्न 7 दिल दहलना, हृदय विदारक और छिटकना का उचित प्रयोग करते हुए दो—दो वाक्य लिखिए।

(क) दिल दहलना

(ख) हृदय विदारक

(ग) छिटकना